भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं 93
उत्तर देने की तारीख 02.02.2023

आंध्र प्रदेश में एएसपीआईआरई

93. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:
डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:
श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवोन्वेषण, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन योजना (एस्पायर) के अंतर्गत विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, पूर्वी गोदावरी, चित्तूर, कृष्णा और गुंटूर में शुरू की जा रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार के पास इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य से कोई प्रस्ताव लंबित है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, पूर्वी गोदावरी, चित्तूर, कृष्णा और गुंटूर में नवप्रवर्तन, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर) के अंतर्गत इंक्यूबेट की जा रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति अनुबंध में दी गई है।

(ख) 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार, एस्पायर के अंतर्गत कुल 68,761 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से 16,891 प्रशिक्षु स्व-नियोजित हैं; 10,399 प्रशिक्षु पास की इकाइयों में नियोजित हैं; 41,471 प्रशिक्षु आगे अध्ययन आदि के लिए गए हैं।

(ग) मंत्रालय में आंध्र प्रदेश राज्य में एस्पायर के अंतर्गत एलबीआई की स्थापना का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है।

****

अनुबंध

दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 93 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध						
आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, पूर्वी गोदावरी, चित्तूर, कृष्णा और गुंटूर जिलों में नवपरिवर्तन, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर) के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति						
क्र. सं.	जिला	इन्क्यूबेटर का प्रकार	कार्यान्वयन एजेंसी	अनुमोदित परियोजना लागत (लाख रु. में)	जारी किया गया अनुदान (लाख रु. में)	वर्तमान स्थिति
1.	राजमुंदरी	एलबीआई	कयर बोर्ड, राजमुंदरी, आंध्र प्रदेश	100	100	एलबीआई ने प्रशिक्षण आरंभ कर लिया है।
2.	पूर्वी गोदावरी	एलबीआई	आदित्य अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय	50	25	एलबीआई ने प्रशिक्षण आरंभ कर लिया है।
3.	चित्तूर	टीबीआई	श्री वेंकटेश्वर अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय	39.98	39.98	टीबीआई ने 06 स्टार्टअप्स (टेक क्लीन, टेक्नो एग्री, कोम्पो होम, रूरल एड्ज, वीआर टेक, एडुसला) को सफलतापूर्वक शुरू किया है।
4.	कृष्णा	टीबीआई	धनेकुला इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान	18.75	9.375	टीबीआई कार्यान्वयन का जारी है।
5.	कृष्णा	एलबीआई	भारतीय बागान एवं प्रबंधन संस्थान, विजयवाड़ा	100	50	एलबीआई कार्यान्वयन के अधीन है।
6.	गुंटूर	एलबीआई	आंध्र प्रदेश साइंस सिटी	91.64	45.82	एलबीआई कार्यान्वयन के अधीन है।
			कुल	400.37	270.175	